25/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनायक ने आज ईटानगर में 22वें उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सम्मेलन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान, राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश में उच्च शिक्षा के दो अग्रदूतों को सम्मानित किया और प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए, जिसमें 2024 के स्नातक टॉपर्स को राज्यपाल पुरस्कार, गर्वमेंट पॉलिटेक्निक के टॉपर्स को अरुणाचल प्रदेश राज्य तकनीकी शिक्षा परिषद स्वर्ण पदक और उत्कृष्ट कॉलेज शिक्षक पुरस्कार शामिल हैं। राज्यपाल ने अपने संबोधन में आज की तेजी से विकसित होती दुनिया में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के बढ़ते महत्व को रेखांकित कर इस पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया और दो पुस्तकों का विमोचन भी किया।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर से मोटरसाइकिल अभियान, '**विंग्स एंड व्हील्स ग्लोरियस आईएएफ एंड मैग्निफिकेंट नॉर्थ ईस्ट**' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल के लिए पूर्वी वायु कमान की सराहना करते हुए, राज्यपाल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अभियान साहसिक कार्यों को बढ़ावा देगा और अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध पर्यटन क्षमता को भी प्रदर्शित करेगा, जिसमें इको, साहसिक, सांस्कृतिक और ग्रामीण पर्यटन शामिल हैं। पूर्वी वायु कमान, शिलांग द्वारा आयोजित बारह दिवसीय अभियान का उद्देश्य पूर्वोत्तर के युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है।

18 मार्च 2025 को बागडोगरा से शुरू हुए इस अभियान का नेतृत्व ग्रुप कैप्टन अविनाश भारद्वाज कर रहे हैं। इसमें 27 मोटरसाइकिलें और 15 वायु सेना कर्मियों और 12 रॉयल एनफील्ड सवारों की एक टीम शामिल है।

0000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने आज जल जीवन मिशन के तहत राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की 22वीं शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान पिछली 21वीं SWSM बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट के साथ-साथ वर्ष 2024-25 के लिए वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि सभी आवश्यक कदम लागू किए गए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में सीएस ने यह भी बताया कि 19 सूत्री संचालन एवं रखरखाव (O&M) नीति, जिसे आगे की मंजूरी के लिए राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है, की गहन जांच की गई। सीएस ने कहा कि बैठक राज्य कार्य योजना के अनुमोदन के साथ संपन्न हुई, जिसका उद्देश्य राज्य भर में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण जल आपूर्ति प्रणालियों की स्थिरता और दीर्घकालिक कार्यक्षमता सुनिश्चित करना है।

000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी साझा करते हुए कहा है कि नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित विश्व टीबी दिवस समारोह में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पूरी टीम और हितधारकों को बधाई दी।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश में सतलुज नदी पर आयोजित 17वीं राष्ट्रीय राफ्टिंग चैंपियनशिप में अरुणाचल प्रदेश राफ्टिंग टीम के शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। श्री मेन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में बताया कि टीम ने चैंपियनशिप में डाउन रिवर रेस, स्लैलम रेस और आरएक्स स्प्रिंट में कांस्य पदक जीते हैं। टीम वर्क की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि टीम का नेतृत्व कैप्टन तोबांग परमे, उप-कप्तान नोबांग तायेंग और अन्य ने किया। उन्होंने टीम अरुणाचल को वाटर स्पोर्ट्स में और अधिक उपलब्धियां हासिल करने की शुभकामनाएं दीं।

0000000000000000000

शिक्षा मंत्री पीडी सोना ने आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश निजी शैक्षणिक संस्थान विनियामक आयोग के साथ बैठक की। बैठक में राज्य के NAAC-मान्यता प्राप्त निजी कॉलेजों में गुणवत्ता पहल को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। श्री सोना ने सोशल मीडिया पोस्ट में APPEIRC के अध्यक्ष सेरिंग नाकसांग और सदस्य डॉ. लिमो एते के साथ-साथ विभिन्न कॉलेजो के प्रिंसिपल की उनके बहुमूल्य पहलों के लिए सराहना की। साथ ही कहा कि इस तरह के सहयोगात्मक प्रयास आवश्यक हैं क्योंकि अकादमिक उत्कृष्टता और संस्थागत जवाबदेही बढ़ावा देता है।

00000000000000000000000

आज ईटानगर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में संशोधित विकलांगता मूल्यांकन दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य हितधारकों के बीच अद्यतन विकलांगता मूल्यांकन प्रोटोकॉल की समझ और निष्पादन को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री अरुणाचल आरोग्य योजना (CMAAY) पर एक संक्षिप्त सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें राज्य में विकलांग व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवा सहायता प्रदान करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त, रक्त विकार और लोकोमोटर विकलांगता पर भी सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा राज्य में विकलांगता मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए चिकित्सा पेशेवरों और नीति निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया, जिससे विकलांग व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य सेवा और कल्याणकारी योजनाओं तक बेहतर पहुँच सुनिश्चित हुई।

0000000000000000000

अरुणाचल हिमालयन ओडिसी - थ्रिल रन आगामी 4 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहा है। इस साल थ्रिल रन ट्रांस अरुणाचल हाईवे के साथ 2,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगा, जो पूर्व में भारत-म्यांमार सीमा पर पांगसो पास से लेकर पश्चिम में भारत-तिब्बत सीमा पर बुमला पास तक फैला हुआ है। अरुणाचल हिमालयन ओडिसी राज्य में सड़कों की बेहतर होती स्थिति को समर्पित है।

00000000000000000